an>

Title: Need to expedite the construction of National Highway No. 24 in Uttar Pradesh and to ensure the timely payment of compensation to the land owners.

श्रीमती कृष्णा राज (शाहजहाँपुर): महोदय, आपने मुझे लोक महत्व के विषय पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपकी आभारी हूं।

महोदय, किसी भी देश की समृद्धि के लिए उसके यातायात के साधन का सुगम होना बड़ा मायने रखता है। मैं आपको बताना चाहूंगी कि भारत की राजधानी दिल्ली और उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ को जोड़ने के लिए मात्र एक सड़क, जो सबसे ज्यादा चलती है, वह राष्ट्रीय राजमार्ग-24 है। यह निर्माणाधीन है और इसके बनने की गति बहुत धीमी है। मैं आपको बताना चाहती हूं कि उसके पीछे एक कारण है कि बहुत सारे किसानों को आज भी मुआवज़ा नहीं मिला है और वे इसमें व्यवधान पैदा करते हैं। इस मार्ग के अधूरे पड़े रहने से लगभग 500 किलो मीटर की दूरी में प्रत्येक दिन औसतन सौ लोगों की मृत्यु होती है, लोग दुर्घटना के शिकार होते हैं। इसलिए मेरी आपसे विनती है कि आप भारत सरकार को निर्देशित करें और अविलम्ब इस मार्ग को पूर्ण करने का ध्यानाकर्षण करें।

दूसरा, मैं अपने लोक सभा क्षेत्र के कुछ मार्गों के बारे में बताना चाहूंगी। मेरा संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर है।

माननीय सभापति : आप मेरी बात शांति से सुनिए। एक नोटिस में एक ही विषय आता है। अभी आपको साढ़े चार साल और बाकी है। आप इस बात को सीख लीजिए कि एक बार में एक ही विषय आएगा, दूसरा विषय नहीं आएगा। आप बैठ जाइए।